# MULTANIMAL MODI COLLEGE
# MODINAGAR

## NCC PROGRESS REPORT - (2022-23)

**Principal:** Prof. (Dr.) Deepak Kumar Agarwal

**Company:** 1/35 COY NCC Modinagar

**Coy CDR:** Lt. (Dr.) Mukesh Kumar

**Strength:** 157

**<u>NCC Bharti (28/09/2022)</u>**

# एन सी सी भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मोदीनगर।** एम एम कॉलेज मोदीनगर के ग्राउंड में एनसीसी कैडेटों को भर्ती हुई। भर्ती एनसीसी के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के लिए हुई। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भर्ती में मौका दिया गया। भर्ती में बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के गर्ग के निर्देशन में सबसे पहले विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत सभी छात्रों की लिखित परीक्षा ली गई। भर्ती में 80 छात्रों ने भाग लिया जिसमे 62 छात्रों का चयन किया गया। चयन के पश्चात सभी छात्र कैडेट के रूप में तीन वर्ष तक कार्य करेंगे और B एवं C सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे। भर्ती करने के लिए बटालियन से सूबेदार मेजर अमृत बहादुर सिंजली, हवलदार प्रेम, एवम हर्ष, सनी, उज्ज्वल, विकास, वंशिका रहे।

# Republic Day (26/01/2023)



# G-20 Lecture on G-20 (20/05/2023)

## कैडेट्स को दी जी-20 की जानकारी



एनसीसी कैडेट्स को जानकारी देते अधिकारी • सौ- एनसीसी

संस,मोदीनगर : मुल्तानी मल मोदी डिग्री कालेज में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें एनसीसी अधिकारी डा. मुकेश कुमार की तरफ से कैडेट्स को जी-20 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जी-20 बीस देशों का एक समूह है, जिसका गठन 1999 में हुआ। हर साल इसकी बैठक होती है। इस बार की बैठक भारत में होगी। इस दौरान डा. योगेश कुमार, डा. मंजीत आदि उपस्थित रहे।

# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में जी-20 पर संगोठी का आयोजन

गज केसरी युग

मोदीनगर(ब्यूरो)। मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में जी–20 पर संगोठी का आयोजन हुआ। इस मौके पर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मुकेश कुमार ने एनसीसी कैडेटों को व्याख्यान दिया। डॉ कुमार ने बताया कि जी–20 बीस देशों का एक समूह है जो 26 सितंबर 1999 को बना था। हर वर्ष जी–20 की बैठक होती है। इस बार की बैठक भारत में 9 से 10 सितंबर 2023 को प्रगति मैदान में होगी। भारत पहले 2022 में अपने स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जी–20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला था। जब कि इंडोनेशिया को 2023 में इसकी मेजबानी करनी थी। इंडोनेशिया ने 2022 में मेजबानी की थी और अब 2023 में इसकी मेजबानी अपना भारत देश करेगा। बैठक में आर्थिक विकास व्यापार आदि पर चर्चा होती है। जो हर देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। व्याख्यान के दौरान डॉ कुमार के अलावा एनसीसी कैडेट कई प्रोफेसर जिनमें डॉ योगेश कुमार डॉ मंजीत आदि मौजूद रहे।



# World Environment Day (03/06/2023)

## प्रतियोगिताओं में छात्रों ने लिया बढ़-चढ़कर की सहभागिता



छात्रों के बनाए पोस्टर देखते शिक्षक व अन्य • सौ.कालेज

**संस, मोदीनगर** : मुलतानीमल मोदी डिग्री कालेज में शनिवार को अलग-अलग कई प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण रहा। कार्यक्रम का संचालन कालेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा.मुकेश कुमार ने किया। क्विज प्रतियोगिता में अंशुल मित्रोदिया प्रथम व तुषार सिरोही द्वितीय रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में तुषार चौधरी प्रथम व सुरभि चौधरी द्वितीय रहीं। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डा.दीपशिखा, डा.अमर सिंह, डा.नीतू, डा.राजकुमार, डा.शिवांगी आदि मौजूद थीं।

# Plantation (04/07/2023)

# वन महोत्सव मनाने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु एमएम डिग्री कॉलेज में पौधरोपण किया



**जन सागर टुडे (सं)**

**मोदीनगर।** वन महोत्सव (1–7 जुलाई) मनाने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु एमएम डिग्री कॉलेज में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण 35 यू पी एनसीसी बटालियन और एमएम कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। एमएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीके अग्रवाल एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार एंव एनसीसी कैडेटों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर नीम, जामुन, इमली, अमरूद, सागोन, अर्जुन आदि के 50 उपयोगी पौधे रोपे गए। कॉलेज के प्राचार्य एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि कि वृक्षों से हमें फल, फूल, लकड़ी, ऑक्सीजन एवं छांव आदि मिलती है। पौधरोपण के उपरांत सभी ने संकल्प लिया कि पौधों की रक्षा करेंगे और लोगों को प्रेरित करेंगे कि वह भी पौधरोपण कर उनका संरक्षण करें। पौधरोपण के दौरान एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीके अग्रवाल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार, कॉलेज के शिक्षक डॉ दीपक शर्मा, एनसीसी कैडेट तनु, सबा सैफी, मीनाक्षी, दीपा, पल्लवी, हर्ष, सचिन आदि का सहयोग रहा।

# Independence Day (16/08/2023)




(Dr. Mukesh Kumar)

NCC Officer